WWL/CS/2023/122

Date: 03rd August, 2023

| National Stock Exchange of India Limited<br>Exchange Plaza, Plot No. C/1, G Block,<br>Bandra- Kurla Complex, Bandra (E)<br>Mumbai-400051<br>**NSE Symbol: WEWIN** | **BSE Limited**<br>Floor 25, P.J Towers, Dalal Street, Fort,<br>Mumbai- 400001<br>**BSE Scrip Code: 543535** |
|---|---|

**Sub:- Publication of Notice for Board Meeting.**

Dear Sir/Madam,

Pursuant to Regulation 47(3) of the SEBI (Listing Obligations & Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please note that the notice of the Board Meeting where financial results shall be discussed was publish in the Newspaper on 03rd August 2023. Copies of the same are enclosed for your information and records.

Thanking you,
Yours faithfully,

**For We Win Limited**

WE WIN LIMITED BHOPAL

Ashish Soni

Digitally signed by Ashish Soni
Date: 2023.08.03 14:33:30 +05'30'

**Ashish Soni**
**Company Secretary & Compliance Officer**

Encl: As above


**We Win Limited**
www.wewinlimited.com
(CIN: L74999MP2007PLC019623)
206-207, 2nd Floor, Corportate Zone C-21 Mall,
Hoshangabad Road, Misrod,
Bhopal - 462047, Madhya Pradesh, India
Phone: +91 755 4278897,
Email: contact@wewinlimited.com

# प्रदेश के स्कूलों में है शिक्षकों की भारी कमी

## दो लाख 93 हजार 432 पद भरे और 69 हजार 667 पद रिक्त



सच प्रतिनिधि || भोपाल

सरकार के मुताबिक एमपी में कक्षा एक से कक्षा आठ तक के शिक्षकों के तीन लाख 63 हजार 99 हजार पद स्वीकृत हैं। अभी इनमें से दो लाख 93 हजार 432 पद भरे हुए हैं और 69 हजार 667 पद रिक्त हैं।

सरकार ने बताया है कि मध्य प्रदेश में इस समय शिक्षकों के 69 हजार 667 पद खाली हैं। ये पद कक्षा एक से आठ तक के शिक्षकों के हैं। यह जानकारी केंद्र सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने बुधवार को राज्य सभा में दी। प्रदेश में कक्षा एक से आठ तक के शिक्षकों के तीन लाख 63 हजार 99 पद स्वीकृत हैं। कांग्रेस की फूलो देवी नेताम के सवाल के जवाब में शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने राज्य सभा में यह जानकारी दी। नेताम में सरकार से सवाल पूछा था कि साल 2020, 2021 और 2022 में देश के राज्यों में राज्य सरकारो ने कक्षा एक से आठ तक के स्कूलों के लिए शिक्षकों के कितने पदों को स्वीकृति दी गई। उन्होंने यह भी जानना चाहा था कि इन तीन सालों में राज्य सरकारों ने शिक्षकों के कितने पद भरे और इन तीन सालों में शिक्षकों के कितने पद रिक्त रहे। इन सवालों के जवाब में शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बताया कि मध्य प्रदेश में कक्षा एक से कक्षा आठ तक के शिक्षकों के तीन लाख 6 3 हजार 99 पद स्वीकृत हैं। सरकार ने बताया है कि 2022-23 मे प्रदेश में इनमें से दो लाख 93 हजार 432 पद भरे हुए थे। सरकार के मुताबिक इस दौरान शिक्षकों के 69 हजार 667 पद रिक्त रहे।

### कक्षा 1 से कक्षा 8 तक के शिक्षकों के पद

सरकार ने बताया है कि इसी तरह से साल 2021-22 में कक्षा एक से कक्षा आठ तक के इन स्वीकृत पदों में से दो लाख 8 8 हजार 744 पद भरे हुए थे और 74 हजार 355 पद रिक्त थे। सरकार की ओर से राज्य सभा में पेश किए गए जवाब के मुताबिक 2020-21 में शिक्षकों के दो लाख 88 हजार 744 पद भरे हुए थे और 74 हजार 355 पद रिक्त थे।

## हितग्राहियों को नहीं मिल पा रहा शासकीय योजनाओं का लाभ

# जाति प्रमाण पत्र बनवाने चक्कर काट रहे आवेदक




सच प्रतिनिधि || भोपाल

राजधानी के अधिकांश एसडीएम कार्यालयों में एक मामला लोगों के लिए समस्या बनी हुई है और बहुत लोग उस से जूझ रहे हैं मगर उसका समाधान बहुत दूर तक नजर नहीं आ रहा है। जाति प्रमाण पत्र के अभाव में छात्र , छात्राएं और राज्य एवं केंद्र सरकार की रोजगार योजनाओं का लाभ लेने वाले हितग्राहियों को काफी परेशानी हो रही है। जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए पिछड़ा वर्ग तथा अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग से 1950 का रिकॉर्ड मांगा जा रहा है। इस मामले में कुछ मामले ऐसे भी सामने आए जिसमें एक 80 साल का बूढ़ा आवास हीन और भूमिहीन है उसके पास कोई शासकीय दस्तावेज नहीं है वह परेशान है मगर जो अधिकारी न्यायिक अधिकारी हैं उनको इससे कोई लेना-देना नहीं है उन्हें 1950 का रिकॉर्ड चाहिए।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कोविड-19 से पहले दो हजार अट्ठारह में ऐलान किया था की जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अब किसी को भटकना नहीं पड़ेगा छात्रों को आय और जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए स्कूल में ही व्यवस्था की गई है और अन्य लोगों के लिए समाधान केंद्र खोले गए थे जहां पर जाति प्रमाण पत्र के लिए समाज का प्रमाण पत्र और एक स्वयं का शपथ पत्र काफी है उसके आधार पर जाति प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। मगर यह आदेश कुछ दिन चला और उसके बाद अब छात्र, छात्राएं या फिर रोजगार स्वरोजगार के लिए आवेदन करने वाले हितग्राही उनको जाति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए जिस भारी मशक्कत का सामना करना पड़ रहा है उस प्रक्रिया से गुजरना पड़ रहा है जिसमें उनकी आंखों से आंसू बह जाते हैं। सबसे पहले समाधान केंद्र में समस्त दस्तावेज जिसमें 1950 का रिकॉर्ड सर्वोपरि है और समझ दस्तावेज जमा करना पड़ते हैं उसके 1 महीने के अंदर एसडीएम कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते हैं और वहां सबसे बड़ी समस्या वही ढाक के तीन पात, जांच अधिकारी को 1950 का रिकॉर्ड चाहिए और उसके अभाव में वह प्रकरण को निरस्त कर देता है। कुछ ऐसे मामले भी सामने आए जो आजादी के बाद सरकार को आईना दिखाने के लिए बहुत काफी है उन्हें हृदय विदारक मामलों में सरकार को और अधिकारियों को शर्म आने के स्थान पर पिछड़ा वर्ग और अनुसूचित जाति जनजाति के लोगों को परेशान किया जा रहा है। ऐसे भी मामले सामने आ रहे हैं कि 80 वर्ष का बूढ़ा अनपढ़ व्यक्ति जिसे आज तक गांव में रहते हुए आवास नहीं दिया गया, जमीन नहीं दी गई वह आवास हीन हैं और दलित हैं। परंतु उसके पास कोई दस्तावेज नहीं है उसका पिता और उसका परिवार यहीं पैदा हुआ वह सभी गरीब है गांव का चौकीदार और ग्रामवासी चीख-चीखकर बता रहे हैं कि यह गांव का बुजुर्ग है, मगर उसका जाति प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है एक एसडीएम दूसरे एसडीएम के यहां जांच के लिए भेज रहे हैं और दूसरा एसडीएम जांच के बाद दूसरे एसडीएम के यहां पहुंचाने के स्थान पर वहीं प्रकरण को खारिज कर देता है, वहां पर मौजूद आर आई पटवारी बैठे-बैठे रिपोर्ट लगा देते हैं और जो शासकीय कोटवार पंचनामा बनाकर पुष्टि करता है उसको अनदेखा किया जाता है ऐसे में वह भूमिहीन आवास हीन व्यक्ति कहां जाए जो अपने बच्चों को पढ़ाना चाहता है मगर जाति प्रमाण पत्र नहीं होने के कारण दर-दर भटक रहा है, ऐसे अनेक प्रकरण शहर के सभी एसडीएम कार्यालय में देखे जा सकते हैं।

इस संबंध में वरिष्ठ अधिकारी इस खबर से बेखबर हैं उन्हीं में से एक आईएएस अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया की जाति प्रमाण पत्र शपथ पत्र के आधार पर बना देना चाहिए यदि वह उस जाति का नहीं है या वे उसका दुरुपयोग करता है तो फिर उसके विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही की जा सकती है। मगर जो वास्तविक उसी जाति उसी वर्ग का व्यक्ति है उसे अपनी जाति बताने के लिए इतना भटकना पड़े यह अनुचित है।

**भंडारण क्षेत्र में भूमि के लिए कराया सर्वे**

# पांच एकड़ में बनेगा मेट्रो ट्रेन के लिए नया ब्लॉक

सच प्रतिनिधि|| भोपाल

भेल कारखाने की भोपाल यूनिट में मेट्रो ट्रेन के लिए नया प्लांट बनाने का कार्य शीघ्र आरंभ किया जाएगा। भंडारण क्षेत्र में लगभग 5 एकड़ भूमि का चयन किया जा रहा है। इस काम को जल्द ही शुरू किया जाएगा। रेलवे के आधुनिकीकरण के दौर में ट्रेनों की स्पीड बढ़ाने, बुलेट ट्रेन परियोजनाओं को पूरा करने का काम अब भोपाल यूनिट में पूरा किया जा सकेगा। इस कार्य के लिए विभागीय स्तर पर सर्वे कराया जा चुका है।

बताया जाता है कि बीएचईएल जल्द ही नये व्यवसायिक क्षेत्र में काम करेगा। कंपनी बेटरी चलित वाहनों का संचालन करेगी। सोलर और डिफेंस क्षेत्र में बड़ी निवेश की तैयारी शुरू हो गई है । हाल ही में जापान की कावासाकी एवं बीएचईएल कंपनी से एमओयू साईन हो चुका है जल्द ही इस काम के टेंडर कराए जाएंगे। भोपाल में मेट्रो के कोच तैयार होंगे। इसके लिए कारखाने में 500 करोड़ की लागत से एक नया ब्लाक के लिए 5 एकड़ भूमि का चयन किया जा रहा है। कारखाना परिसर के अंदर भंडारण क्षेत्र में इस ब्लाक को अंतिम रूप देने के लिए प्रबंधन द्वारा तैयारी की जा रही है। इस प्लांट के लगने से यहां इंजीनियरों के साथ ही अन्य सेक्टर में काम करने के लिए भर्तियां भी निकाली जाएगरी। वैसे तो ज्यादातर स्टाफ कारखाने के अंदर से ही यहां शिफ्ट किया जाएगा।

### हाइड्रों और थर्मल में भरपूर आर्डर

भेल भोपाल यूनिट के हाइड्रो और थर्मल में भले ही कम आर्डर है लेकिन अन्य ब्लॉकों में आर्डरों की कोई कमी नहीं है। बीएचईएल कंपनी के पास वर्तमान में एक लाख करोड़ से ज्यादा की आर्डर बुक पोजीशन है, इसमें सबसे ज्यादा पॉवर सेक्टर के आर्डर है। भेल जैसी महारत्न कंपनी बुलेट ट्रेन का काम भी जल्द शुरू करेगी, इसके लिए कावासाकी हेवी इंडस्ट्रीज कंपनी को भरपूर सहयोग करेगी।

# माशिमं की 10वीं की परीक्षाएं 5 और 12वीं की 6 फरवरी से होंगी शुरू

**भोपाल।** प्रदेश में नवंबर में विधानसभा चुनाव और अगले साल अप्रैल के बाद होने वाले लोकसभा चुनाव के चलते अभी से परीक्षा कार्यक्रम जारी किया है। अभी तक यह कार्यक्रम जनवरी माह में जारी होता था। मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) ने वर्ष-2024 की दसवीं-बारहवीं की परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है। प्रदेश में नवंबर में विधानसभा चुनाव और अगले साल अप्रैल के बाद होने वाले लोकसभा चुनाव के चलते अभी से परीक्षा कार्यक्रम जारी किया है। अभी तक यह कार्यक्रम जनवरी माह में जारी होता था। हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा पांच फरवरी से शुरू होंगी और 28 फरवरी को समाप्त हो जाएंगी। वहीं हायर सेकंडरी सटिफिकेट परीक्षा 6 फरवरी से आरंभ होगी और 5 मार्च को संपन्न होंगी। शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण पत्रोपाधि परीक्षा (पीटीआई) प्रथम वर्ष की परीक्षा 5 फरवरी से और द्वितीय वर्ष की परीक्षा 7 फरवरी से शुरू होगी। विद्यालय पूर्व शिक्षा में डिप्लोमा (डीपीएसई) प्रथम वर्ष की परीक्षा 5 फरवरी से और द्वितीय वर्ष की परीक्षा 7 फरवरी से शुरू होंगी। परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार, कक्षा दसवीं-बारहवीं दोनो कक्षाओं का पहला पेपर हिंदी का रहेगा। विद्यार्थियों को परीक्षा कक्ष में सुबह 8 बजे तक उपस्थित होना अनिवार्य होगा। परीक्षा शुरू होने के निर्धारित समय से 15 मिनट पूर्व के पश्चात किसी विद्यार्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। नियमित विद्यार्थियों की प्रायोगिक परीक्षाएं उनके स्कूल में 5 मार्च 2024 से 20 मार्च 2024 एवं स्वाध्यायी विद्यार्थियों की प्रायोगिक परीक्षाएं उन्हे आवंटित परीक्षा केंद्र पर 6 फरवरी 2024 से 5 मार्च 2024 के बीच संचालित की जाएंगी।

# हैदराबाद पैटर्न पर ठेका श्रमिकों की समिति बनाकर प्रबंधन करे संचालन

## ठेका मजदूर संघ ने भेल ईडी को सौंपा ज्ञापन

सच प्रतिनिधि || भोपाल

भेल भोपाल में पिछले तीन दशक से भी ज्यादा समय से काम करने वाले ठेका मजदूरों के मामले को लेकर ठेका मजदूर संघ ने भेल के कार्यपालक निदेशक को ज्ञापन सौंपकर ठेका श्रमिकों के स्वयं की समिति बनाकर हैदराबाद पैटर्न पर संचालन करने की मांग उठाई। संघ के अध्यक्ष मनोज सिंह जादौन ने बताया कि पिछले कई वर्षों से ठेका मजदूर संघ ठेका मजदूरों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर संघर्षरत है कोरोना के समय से कुछ समितियों द्वारा समय पर वेतन भुगतान नहीं कर पा रहा है जिससे ठेका श्रमिकों के परिवारों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भेल भोपाल में विगत 30- 35 वर्षों से स्थाई कर्मचारियों की भांति कंधे से कंधा मिलाकर उत्पादन लक्ष्य पूर्ण करते आ रहे हैं परंतु भेल भोपाल प्रबंधन श्रमिकों के ऊपर शोषण करता रहा है। उन्होंने कहा कि आज स्थिति यह है कि ठेका श्रमिकों के परिवार को अपना जीवन यापन चलाने के लिए कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एक और तो हम नवरत्न कंपनियों में शुमार हैं परंतु भेल भोपाल का ठेका श्रमिक इस नवरत्न कंपनी में ठगा हुआ महसूस कर रहा है। ठेका मजदूर संघ प्रबंधन से मांग करता है कि सभी सोसाटियों को भंग कर ठेका श्रमिकों की स्वयं की समिति बनाकर भेल प्रबंधन की देखरेख में समितियां संचालन हो जिससे कि सभी सुविधाएं समय पर श्रमिक वर्ग को उपलब्ध हो सके। भेल ईडी को ज्ञापन देते समय प्रमुख रूप से ठेका मजदूर संघ के अध्यक्ष मनोज सिंह जादौन, कार्यकारी अध्यक्ष तोरण मीणा, संघ के महामंत्री ओम प्रकाश पवार, धर्मेंद्र सिंह सेंगर, जयपाल सोलंकी, तुला राम मौजूद थे।

# मां नर्मदा का जल लाने वाले कावड़ियों के लिए निःशुल्क भोजन की व्यवस्था




भोपाल। सावन मास में होंशगाबाद मां नर्मदा से कावड़ में जल भरकर लाने वाले कावड़ श्रद्धालुओं के लिए राष्ट्रीय संत श्री गाडगे महाराज की कृपा से होशंगाबाद रोड लिबर्टी कॉलोनी समरधा में संत श्री गाडगे रसोई का संचाल निःशुल्क किया जा रहा है। रसोई संचालक कमलेश मालवीय ने बताया कि सावन का पवित्र मास चल रहा है। इस वर्ष दो माह का सावन मास है, इसलिए मां नर्मदा का जल लाने वाले कावड़ श्राद्धालुओं के लिए भोजन और ठहरने का इंतजाम लिबर्टी कॉलोनी समरधा में बेहतर व्यवस्था के साथ किया गया है। उनका कहना है कि राष्ट्रीय संत श्री गाडगे महाराज की कृपा से संत गाडगे रसोई चलाई जा रही है, जिसमें नर्मदा परिक्रमा वासियों के साथ ही कावड़ वासियों के लिए स्थायी रूप से निःशुल्क भोजन व्यवस्था एवं रात्रि विश्राम की व्यवस्था की गई है। यहां बड़ी संख्या में कावड़ यात्री रूककर भोजन प्रसाद ग्रहण कर रहे है।

## लाड़ली बहना योजना की जानकारी दी



भोपाल। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा मध्य विधानसभा के बरखेड़ी मंडल में लाड़ली लक्ष्मी योजना मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, स्व. सहायता समूह योजना के महत्वपूर्ण विषय को लेने झारखंड महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती आरती कुजूर शशि सिन्हो, भोपाल महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष श्रीमती वंदना जाचक बरखेड़ी में महत्वपूर्ण बैठक पर भारतीय जनता पार्टी की योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर बरखेड़ी मंडल अध्यक्ष साधना यादव, महामंत्री रूमालिया, कृष्णा साहू, उषा साहू, रानी यादव, लता सहित अनेक बहने उपस्थित रही। बहनों ने फिर से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बने इसके लिए संकल्प भी लिया।

## बीएमएस में श्रद्धांजलि सभा



भोपाल। भारतीय मजदूर संघ प्रदेश कार्यालय में मदन दास देवी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मदन दास राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक थे 81 वर्ष की उम्र में 24 जुलाई बेंगलुरु में देहावसान हुआ। इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ के मुख्य वक्ता अखिल भारतीय उपाध्यक्ष केपी सिंह मदन दास के जीवन के बारे में सबको अवगत कराया गया।

# फसलों में निंदाई के लिए रसायनों का उपयोग न करें किसान

**विभाग ने जारी की एडवायजरी**



सच प्रतिनिधि || भोपाल

जिले में सामान्य से कम वर्षा होने के कारण किसानों के माथे पर कहीं-कहीं बल नजर आ रहे है वहीं पर जिला कृषि संचालक का कहना है कि किसान निराश ना हो, अभी फसलों को नुकसान नहीं है आने वाले समय में तेज गति से बारिश ना भी हो और हल्की बूंदाबांदी तथा तापमान में ठंडक और नमी भी सोयाबीन के लिए पर्याप्त है फसलों की निदाई के लिए रसायनों का उपयोग न करें बल्कि नीम का तेल और साबुन का उपयोग करें। भोपाल जिला कृषि उपसंचालक श्रीमती सुमन प्रसाद का कहना है कि भोपाल जिले में वर्षा का रिकॉर्ड कम दर्ज किया गया है मगर अभी खरीफ फसलों को कोई नुकसान नहीं है वह स्वयं जिले भर में दौरा कर रही हैं और फसलों का आकलन कर रही है। भोपाल जिले में कहीं-कहीं यह समाचार प्राप्त हो रहा है कि किसान लोग ट्यूबवेल से पानी दे रहे हैं इस संबंध में उप संचालक श्रीमती प्रसाद का कहना है कि उनकी जानकारी में यह नहीं है संभवत कुछ जमीन बहुत हल्की होती है और वहां पर खरीफ फसल में पानी की आवश्यकता होगी जबकि 99 प्रतिशत खरीफ की फसल स्वस्थ है जिसमें भोपाल में सोयाबीन लगभग 115000 हेक्टर में बोया गया है और उसकी स्थिति बेहतर है इसी प्रकार मक्का 2000 हेक्टर में बोया गया है। शेष मूंग उड़द अरहर मूंगफली आदि लगभग 2000 हेक्टर में बोया गया है। श्रीमती प्रसाद में किसानों को सलाह दी है कि यदि बारिश नहीं हो रही है और सोयाबीन में कचरा आदि मौजूद है तो उसकी निदाई कीटनाशक रसायनों से ना करें बल्कि नीम के तेल का छिड़काव करें और घरों में उपयोग होने वाला सोडा साबुन को मिलाकर निदाई करें। खरीफ फसल में किसानों को जागृत करने के लिए इस बार जिला प्रशासन के निर्देशन में अरहर की फसल के लिए किसानों को तैयार किया गया है और उन्हें हैदराबाद तथा जूनागढ़ से बीज उपलब्ध कराया गया है साथ ही उन्हें समझाइश दी गई है कि वे इस ओर प्रयास करें, ताकि अरहर का उत्पादन बेहतर तरीके से हो सके।


**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं सुबोध नन्दन जैन S/o श्री नेमी नन्दन जैन, निवासी भोपाल यह घोषणा करता हूं कि, मैं पहले सुबोध जैन के नाम से जाना जाता था, वर्तमान में मैंने अपना नाम सुबोध नन्दन जैन कर लिया है, अतः अब मुझे सुबोध नन्दन जैन के नाम से जाना जावे।

सुबोध नन्दन जैन
पुत्र श्री नेमी नन्दन जैन
भोपाल

**कार्यालय जनपद पंचायत बैरसिया, जिला भोपाल**

-: निविदा सूचना :-

क्रमांक 1655/जन.पंचा./लेखा/2023-24 बैरसिया, दिनांक 28.07.2023

जनपद पंचायत बैरसिया अंतर्गत आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों हेतु पंजीकृत व्यवसायियों से लगने वाली सामग्री की दरें सीलबंद लिफाफे में दिनांक 09 अगस्त 2023 को समय 02:00 बजे तक पृथक-पृथक आमंत्रित की जाती हैं। निविदायें उसी दिन सायं 5 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोली जावेंगी। सामग्री का विवरण इस प्रकार है:-

1- टेन्ट सामग्री
2- इको साउण्ड विद्युत व्यवस्था
3- रेस्टॉरेंट
4- भोजन व्यवस्था
5- फोटो/वीडियोग्राफी
6- स्टेशनरी
7- फोटोकॉपी

उक्त निविदा फार्म रुपये 100/- नगद जमा कर लेखा शाखा जनपद पंचायत बैरसिया से प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा के साथ टेन्ट सामग्री एवं इको साउण्ड विद्युत व्यवस्था हेतु धरोहर राशि 5000/- एवं शेष सामग्री हेतु धरोहर राशि 2000/- नगद या डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में जमा कराना अनिवार्य होगी। पंजीकृत व्यवसायियों का GST Number होना अनिवार्य है तथा विस्तृत नियम जनपद पंचायत के चस्पा बोर्ड पर उपलब्ध रहेंगे। किसी भी निविदा को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बैरसिया को होगा।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत
बैरसिया

**वी विन लिमिटेड**

सीआईएन : 74999200701962З
206-207, दूसरी मंजिल, कॉर्पोरेट जोन, सी-21 मॉल
होशंगाबाद रोड, मिसरोद, भोपाल (म.प्र.) 462047
फोन : +91 755 4278897 ईमेल : contact@wewinlimited.com

**सूचना**

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि सेबी (सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 29 और 47 के अनुसार, वी विन लिमिटेड के निदेशक मंडल की बैठक शुक्रवार, 11 अगस्त 2023 को आयोजित होने वाली है, जिसमें 30 जून 2023 को समाप्त हुए तिमाही के लिए कंपनी के वित्तीय परिणामों (स्टैंडअलोन और समेकित) पर विचार और अनुमोदन किया जायेगा।

उक्त नोटिस का मूल्यांकन कंपनी की वेबसाइट www.wewinlimited.com पर निवेशक टैब के तहत और स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.nseindia.com तथा www.besindia.com पर भी किया जा सकता है।

स्थान : भोपाल
दिनांक : 02.08.2023

हस्ता/-
आशीष सोनी
(पैन : HCOPS6623A)
कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी
वी विन लिमिटेड

**कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल**

जोन क्रमांक-14 यांत्रिक विभाग
निविदा आमंत्रण घोषणा-पत्र

क्रमांक 93/यां.वि./2023 भोपाल, दिनांक 01/08/2023

निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दो लिफाफा पद्धति के अनुसार म.प्र. लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत व्यवस्था के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार परसेन्टेज मोहर बंद निविदायें निर्धारित प्रपत्र पर ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र. | ऑनलाइन निविदा क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि | धरोहर राशि | प्रपत्र राशि | कार्य की अवधि | कार्य हेतु निर्धारित एस.ओ.आर. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2023_UAD_294274_1 | CONST. OF PUBLIC ROOM AT BAHGAT SINGH CHAURAHA SHAKTI NAGAR W-57 Z-14 | 564073 | 5641 | 2,000 | 02 months | MPUADD BUILDING ISSR 2021 |
| 2. | 2023_UAD_294307_1 | CONST. OF SHED AND PLATEFORM AT KAUSHALYA NAGAR PARK W-60 Z-14 | 272686 | 2727 | 2,000 | 02 months | MPUADD BUILDING ISSR 2021 |
| 3. | 2023_UAD_294349_1 | REPAIRMENT WORK OF BOUNDARY WALL AT RAM JANKI MANDIR AT AWADHPURI W-61 Z-14 | 507550 | 5076 | 2,000 | 02 months | MPUADD BUILDING ISSR 2021 |
| 4. | 2023_UAD_294014_1 | CONST. OF C C ROAD FROM IN FRONT OF H. NO. 118 AT MAYADHAM W-61 Z-14 | 210009 | 2100 | 2,000 | 02 months | MPUADD BUILDING ISSR 2021 |
| 5. | 2023_UAD_294731_1 | PROVIDING AND FIXING PAVER BLOCK IN FORNT OF H.NO. 206 AT BDA COLONY W-60 Z-14 | 297417 | 2974 | 2,000 | 02 months | MPUADD BUILDING ISSR 2021 |
| 6. | 2023_UAD_294956_1 | CONST. OF C C ROAD FROM NANHI UDAN SCHOOL TO H.NO. 1 AT AMRITPURI W-61 Z-14 | 480020 | 4800 | 2,000 | 02 months | MPUADD BUILDING ISSR 2021 |
| 7. | 2023_UAD_295000_1 | CONST. OF TOILET AT MAYADHAM GOPAL NAGAR W-61 Z-14 | 228182 | 2282 | 2,000 | 02 months | MPUADD BUILDING ISSR 2021 |

नियम व शर्तें:-

1. निविदा प्रपत्र की निर्धारित राशि एवं धरोहर राशि एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज ऑनलाइन प्रस्तुत करने होंगे एवं अन्य समस्त विस्तृत जानकारी www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।
2. किसी भी निविदा के स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार विभाग के पास सुरक्षित होगा।

सहायक यंत्री (सिविल)
नगर पालिक निगम, भोपाल

नि.क्र. 778/023/024

# YET ANOTHER JOLT TO 'PROJECT CHEETAH', 9TH BIG CAT DEAD IN KUNO

**Team Absolute** | Bhopal



The ambitious 'Project Cheetah' suffered yet another jolt as one more big cat translocated from South Africa was reported dead at Madhya Pradesh's Kuno National Park (KNP) on Wednesday.

The dead feline was identified as 'Dhatri'. With this a total nine cheetahs, including three born on Indian soil, have died since in the last seven months.

As per the official sources, Dhatri (all 20 cheetahs were given Indian names and 'Tiblisi' was named as 'Dhatri') was spotted lying unconscious and when examined she died.

The officials said they were yet to come out with the exact reason of her death, which will be known after autopsy reports.

It is the third adult cheetah to die at KNP within a span of 20 days after two big cats brought from South Africa -- 'Tejas' and 'Suraj' -- died in the second week of July.

While a total of nine cheetahs have died so far at KNP since the 20 radio-collared cheetahs were released in two phases on September 17, 2022 and February 18 this year.Cheetah 'Suraj' -- a sub-adult from South Africa released in the KNP on February 18 -- was found dead in the Masawani beat of the park. Earlier, on July 10, five-and-half-year old Teja, also from South Africa, was found dead.

Three of the four newborn cubs of the Namibian Cheetah 'Jwala' died between May 23 and 25 due to complications arising from low birth weight and extreme heat. Earlier, 'Sasha', a six-year-old female from Namibia had died on March 27 due to apparent renal infection.

On April 23, a male renamed 'Uday' from South Africa died after being seen staggering in his enclosure. 'Daksha', also from South Africa, died on May 9 likely due to injuries sustained during violent mating interaction with two adult cheetahs also from South Africa.

## THIS IS WHAT HAPPENS WHEN ONE MAN'S VANITY FOR SELF-GLORY TAKES OVER: JAIRAM RAMESH



**New Delhi:** Former Environment Minister and Congress leader Jairam Ramesh on Wednesday questioned the death of ninth Cheetah in Madhya Pradesh's Kuno national park, saying something has really gone wrong at Kuno and this is what happens when one man's vanity and desperate need for self-glory takes over.

In a cryptic tweet targeting Prime Minister Narendra Modi, Ramesh said, "Something has really gone wrong at Kuno... The ninth cheetah death took place this morning. The argument that all these deaths are expected mortality is complete nonsense and has been debunked by international cheetah experts." Hitting out at the government, he said, "This is what happens when science and transparency take a backseat. This is what happens when one man's vanity and desperate need for self-glory takes over."

His remarks came after ninth Cheetah, Dhatri, died in Madhya Pradesh on Wednesday morning.

"A female cheetah, Dhatri (Tiblisi), was found dead this morning. To determine the cause of the death, a post-mortem is being conducted," a press note issued by authorities at the park stated. The nine cheetahs, who have died at the national park in Madhya Pradesh, include three cubs.

# MP Assembly polls: Second round of verification of voters list starts today

**Team Absolute** | Bhopal



In the run-up to the Assembly elections in Madhya Pradesh, the second summary of revision of voters list is set to start from Wednesday.

Meanwhile, teams of the Election Commission will also be conducting meetings with recognised national political parties and a hard copy of the draft voters list will be handed over to them.

The draft voters list will be published on Wednesday, and applications for addition, deletion or modification of names in the voters list accepted during the revision, says an official notification,

As the draft of the voter list will be published at the polling stations and district level, all Booth Level Officers (BLOs) will be present at their respective polling booths.

Chief electoral officer, Anupam Rajan said, "As per the direction of the Election Commission of (EC), the activities for the second special summer revision - 2023 in Madhya Pradesh will commence from August 2."

He added that during this revision process, the sector officers and BLOs will verify voter lists in presence of voters between August 3 and 10.

In cases where there are more than six voters in a house, the sector officer will physically verify their presence. It was informed that the

BLOs have been directed to be present at their respective polling stations from August 2 to August 31 to accept applications for the addition, deletion and modification of names in voters list.

"District collectors and electoral officers have been given necessary instruction in this regard," Rajan added.

The special camps will also be organised during the weekend - August 12 -13 and again on August 19-20. The applications will be accepted till August 31 while the scrutiny of received applications will be done by September 22 and the final publication of the voter list will be over by

October 4, the electoral officer added.

# Claiming harassment by cop, Indore man commits suicide

**Team Absolute** | Bhopal



A man committed suicide in Madhya Pradesh's Indore after sharing a note on social media claiming that he was harassed by a police sub-inspector.

The deceased was identified as Mohan Pal, a resident of Akash Nagar. His suicide note mentions that a few months ago he came in contact with a Saharsa (Bihar)-based marriage broker -- Pravesh Sharma and paid Rs 95,000 for arranging a bride from him.

The suicide note further mentioned that after paying the amount in three installments, Sharma stopped picking up his phone and then he realised that he was cheated.

Pal in his suicide note alleged that when he approached the Dwarkapuri police station to lodge a complaint, Sub-Inspector Amod Uike misbehaved with him.

After his death, a group of locals along with the family members of the deceased staged a protest at Dwarkapuri police station on Wednesday morning and demanded action against the Uike.

In his suicide note, Pal also claimed that after paying Rs 95,000 to Pravesh Sharma, he received a call from Purnia district in Bihar and was threatened to get him arrested. "The caller introduced himself as a cop from Purnia police station and alleged that I was planning to elope with a girl. He threatened me with police action. Following this, when I approached Dwarkapuri police station to file a complaint, SI Amod Uike misbehaved and harassed me," the suicide note read.

Alka Menia Upadhe, in-charge of Dwarkapuri police station said that the deceased had approached the police station to lodge a complaint against Pawan Sharma, a resident of Bihar. SI Amod Uike asked him that he should file his complaint in Bihar as the person is living there only. "SI Amod Uike has been suspended on the basis of the suicide note. After the post mortem, the body was handed over to the family and we are doing the further investigation," Upadhe said.

# President Murmu to inaugurate "Utkarsh" and "Unmesh" festival in Bhopal today

**Team Absolute** | Bhopal

President Draupadi Murmu will arrival in Bhopal on August 3 for a one-day stay. She will attend a local programme and leave for New Delhi in the evening.

President Draupadi Murmu will inaugurate the "Utkarsh" and "Unmesh" festival on Thursday, August 3 at 11:30 am at Hansadhwani Auditorium of Rabindra Bhavan in Bhopal. The Governor Mangubhai Patel and Chief Minister Shivraj Singh Chouhan will be there also. Sangeet Natak Akademi and Sahitya Academy under the Ministry of Culture, Government of India, in collaboration with the Department of Culture, Government of Madhya Pradesh, are organising national festivals of India's folk and tribal expressions "Utkarsh" and "Unmesh" for the first time from August 3 to 5 in Bhopal.

About 800 artists from 36 states and union territories of the country will spread the colorful hues of folk and tribal performing arts in Utkarsh Utsav. The festival will telecast on the Facebook and YouTube channels of the Department of Culture, along with the Facebook and YouTube channels of the Sangeet Natak Akademi.




Dance performances will be held in Utkarsh from 5 pm Folk dances and tribal dances of India will be presented at Utkarsh Utsav from 5 pm in the auditorium of Rabindra Bhavan. Prior to this, on Wednesday, August 2, 2023, there will be a Kala Yatra at 7 pm. On Thursday, the first day of the festival, folk dances from different states will be presented from 5 pm onwards. Jabaro dance of Leh and Ladakh, Sumi War of Nagaland, Time of Goa, Sindhi Chham of Sikkim, Rai and Nareri of Madhya Pradesh, Bangla of Meghalaya, Lavani of Maharashtra, Bihu of Assam, Singari of Odisha, Paika of Jharkhand and Tappeta Gullu dance will be performed.

On the second day Friday, Aaji Lamu dance of Arunachal Pradesh, Sirmauri Nati of Himachal Pradesh, Panthi of Chhattisgarh, Kalbeliya of Rajasthan, Tiwa of Assam, Phag of Haryana, Mayur Raas of Uttar Pradesh, Nagpuri Jhumur of Jharkhand, Dhol Cholam and Thang of Manipur Ta, Karagattam of Tamil Nadu, Natuva of West Bengal, Puja Kunitha of Karnataka and Maniyaro Ras of Gujarat will be performed.

Rauf dance of Kashmir, Sorathi of Sikkim, Jhijhiya of Bihar, Hojagiri of Tripura, Gaud Maria of Chhattisgarh, Pulkali of Kerala, Chhapeli of Uttarakhand, Gotipua of Odisha, Bhangra of Punjab, Purulia Chhau of West Bengal on the last day of the festival on 5th August. , Oggu Dolu of Telangana and Gudum Baja dance of Madhya Pradesh will be presented.

Unmesh is Asia's biggest literary conference

Unmesh Utsav is Asia's largest literary convention. In this, multilingual poetry recitation, writing lesson, tribal poet's conference, discussion on the topics of literature, poetry recitation on the Azadi Ka Amrit Mahotsav and various topics related to the upliftment of literature will be discussed by the enlightened people. Along with this, books of Sahitya Akademi and other publishers will be available for sale in the "Book Fair" from 10 am to 6 pm. A documentary on eminent writers made by Sahitya Akademi will also be screened during the festival.

# Ladli Laxmi Yojana made with the vision to eradicate discrimination against daughters: CM Chouhan

**Team Absolute** | Bhopal



Chief Minister Chouhan said that he saw many examples of discrimination against sisters in different families and the society in the rural areas of the state. Taking cue from this, the Ladli Laxmi Yojana was formulated. After this many schemes were launched for women. Through these schemes, the work of women empowerment has been done successfully in the state. Continuous work is being done in this direction in Madhya Pradesh. Chief Minister Shivraj Singh Chouhan attended the Kisan Sammelan in Pipliyamandi district Mandsaur during Vikas Parv. Chief Minister Chouhan dedicated and performed bhoomi-pujan of construction works worth more than Rs 1337 crores. The Chief Minister inaugurated the Kisan Sammelan by performing kanya pujan. The Chief Minister also worshipped 126 urns brought from 126 villages for the meeting.

Chief Minister Chouhan said that farmers' welfare is the utmost priority of the government in the state. Agriculture is being made a profitable business in the state. The amount of Kisan Samman Nidhi has been increased to Rs 12 thousand. The previous government had made the farmers' defaulters. Our government has again started giving them loans for crops at zero percent interest by paying their interest amount.

Chief Minister Shivraj Singh Chouhan said that under the Ladli Bahna Yojana, I am not only giving money to the sisters, but also giving respect and honour to them. This amount will not remain only Rs one thousand, but it will be increased to Rs 1250, then Rs 1500, then Rs 1750, then Rs 2000, then Rs 2250, then Rs 2500, then Rs 2750 and then Rs 3000. Now women of 21 to 23 years of age and who are from families owning have also been included in this. On the coming 10th August again an amount of Rs one thousand will be sent to the accounts of all the women.

Chief Minister Chouhan said that the daughter will not be allowed to become a burden in the state.

# ROW OVER MIHIR BHOJ'S LEGACY ESCALATES IN MP

**Team Absolute** | Bhopal



A row between Rajputs and Gurjars over legacy of 9th century king Mihir Bhoj has escalates once again in poll-bound Madhya Pradesh.

Tension prevailed after some people on Monday attempted to remove the 'Gurjar' title prefixed with Mihir Bhoj's name inscripted on a plinth of a life-size statue of the king in Gwalior.

The statue was installed by Gwalior Municipal Corporation at Chirwai block in the city back in 2019.

The Kshatriya or the Rajput community claims that Mihir Bhoj belongs their community and thus use of 'Gurjar' title with his name hurts the community's sentiments. Last year also, a massive scuffle had broken out between Rajputs and Gurjars, following which curfew was imposed in Gwalior.

Meanwhile, a couple of petitions from both sides were filed before the Gwalior bench of the Madhya Pradesh High Court backing their claims over the king's legacy. The bench of Justices Anand Pathak and Sheel Nagu hearing a petition had then asserted that "such clashes not only affect the law and order situation but also violate the principle of fraternity which is a cherished virtue in our Constitution".

A committee of experts was also constituted to determine the historical claims made by the two communities and the police and district administration were directed to barricade the area (place where statue is installed).The matter is currently subjudice and the expert committee is yet to submit its report.

On Monday, two youths removed the barricades and barged on the cemented platform (surface of the statue). They tried to erase the 'Gurjar' mentioned before Mihir Bhoj's name inscripted on the plinth.

The entire incident was recorded in CCTV footage.

On Tuesday, police claimed that two persons involved in the matter have been arrested.

# *Installation of Madhavrao Scindia's statue in Orchha triggers fresh row*

**Praveen Dwivedi** | Bhopal



The installation of a life-size statue of former Union Minister late Madhavrao Scindia in the premises of historic building of Circuit House in Madhya Pradesh's Orchha town has triggered a fresh row after the Kshatriya Mahasabha along with the Karni Sena sought removal of the statue, citing the sentiment of people of the Bundelkhand region.

"Why the statue of erstwhile Scindia family member of Gwalior should be installed at Orchha (Niwari district), when they have no contribution in the region?," they said.

The controversy first erupted in March when the statue was installed all of sudden, and now the row has escalated as the Chief Minister Shivraj Singh Chouhan is likely to visit Orchha on August 5 "to unveil" the statue.

Though the Chief Minister's office has not issued any official statement regarding Chouhan's visit to Orchha, the Niwari administration and the local police have reportedly started the preparation for the programme.

Police personnel have also been deployed at the site of the statue, which is yet to be unveiled. Also, some contruction works have been carried out recently in the area surrounding the statue.

A delegation of Kshatriya Mahasabha and Karni Sena handed over a memorandum to the district administration, saying if the said statue would not be removed, they will stage a massive protest on the day of Chouhan's visit to the district.

"There have been many great men in Tikamgarh's (Orccha was formerly in Tikamgarh district) history, and only they deserve a place at this historical building. People are demanding to install a life-size statue of Maharaja Chhatrasal, who founded this city. It is an attempt to destroy our great history of Tikamgarh. Madhavrao Scindia had no role in the development of the city. So the citizens here demand that statues of local heroes should be installed," said Kshatriya Mahasabha cheif Pushpendra Singh.People aware of this political episode said that the contention is not about Madhavrao Scindia's statue, but more about the centuries-old rivalry between the Kshatriyas of Bundelkhand and the Scindia dynasty of Gwalior. It is also about Rani Laxmibai (Queen of Jhansi) versus the Scindia dynasty, they said.

The esrtwhile kingdom of Orchha, which was founded in the 16th century by Bundela ruler Rudra Pratap Singh. Like the Scindia dynasty in Gwalior, Orchha, which was part of Vindhya Pradesh till 1956, also has a rich legacy. Both princely states of Gwalior and Orchha were merged into Madhya Pradesh in 1956.


**WE WIN LIMITED**

**CIN: L74999MP2007PLC019623**

**206-207, 2nd Floor, Corporate Zone, C-21 Mall,**

**Hoshangabad Road, Misrod, Bhopal (M.P.) 462047**

**Phone: +91 755 4278897 Email: contact@wewinlimited.com**

**NOTICE**

Notice is hereby given that pursuant to Regulation 29 and 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, that a meeting of the Board of Directors of We Win Limited is scheduled to be held on Friday, the 11th August 2023, inter alia to consider and approve the Unaudited Financial Results (Standalone & Consolidated) of the company for the quarter ended on 30thJune 2023.

The said notice may be assessed on the company's website at www.wewinlimited.com under investor tab and also on the website of stock exchange at www.nseindia.com and www.bseindia.com.

**Place:** Bhopal

**Dated:**02/08/2023

For

**We Win Limited**

**Sd/-**

**Ashish Soni**

(PAN: HCOPS6623A)

**Company Secretary & Compliance Officer**